PRESS MONITOR

**Jansatta, Delhi**
**Friday, 27th August 2021; Page: 15**
**Width: 41.20 cms; Height: 20.90 cms; a3r; ID: 17.2021-08-27.90**

# राज्यों को तीन साल और जीएसटी क्षतिपूर्ति दी जाए : बोम्मई

नई दिल्ली, 26 अगस्त (भाषा)।

कोरोना संकट के दौरान राज्यों के राजस्व और जीएसटी संग्रह में कमी के बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री बासवराज एस बोम्मई ने गुरुवार को केंद्र से राज्यों को जीएसटी (वस्तु व सेवा कर) क्षतिपूर्ति की अवधि 2022 से आगे तीन साल और बढ़ाने का अनुरोध किया।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बैठक के बाद बोम्मई ने कहा कि उन्होंने कर्नाटक को किश्तों में भुगतान किए जाने वाले 11,000 करोड़ रुपए के जीएसटी बकाये पर भी चर्चा की। उन्होंने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, 'जुलाई, 2022 से जो बकाया भुगतान किया जाना था, उसे इस साल किश्तों के माध्यम से जारी किया जा रहा है। इसके साथ ही मैंने 2022 से आगे भी राज्यों को जीएसटी क्षतिपूर्ति बढ़ाने पर चर्चा की।' मुख्यमंत्री ने बैठक में सीतारमण को बताया कि कोरोना संकट को देखते हुए राज्य जीएसटी संग्रह अभी स्थिर नहीं हुआ है। यदि राज्यों को दी जाने वाली जीएसटी क्षतिपूर्ति तीन साल के लिए बढ़ाई जाती है तो इससे मौजूदा राजस्व संकट में काफी मदद मिलेगी।